पचास हजार का इनामिया बदमाश पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार, पैर में लगी गोली

» सद्भावना का प्रतीक

श्रावस्ती। जनपद में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना हरदत्त नगर गिरन्ट पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। मंगलवार देर रात पुलिस मुठभेड़ में पचास हज़ार का इनामिया शातिर अभियुक्त दौलत अली को घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया ।प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिनांक 05 मई 2026 को रात्रि लगभग 10¬03 बजे मुखबिर की सूचना पर थाना हरदत्त नगर गिरन्ट पुलिस टीम देवरनिया पुल के पास गश्त एवं चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान संदिग्ध व्यक्ति के रूप में दिखाई पड़ा अभियुक्त दौलत अली पुलिस टीम को देखकर भागने लगा और खुद को घिरता देख फायरिंग शुरू कर दी।पुलिस टीम ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें अभियुक्त के दाहिने पैर में गोली लग गई। घायल अवस्था में उसे घेराबंदी कर मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। एक तमंचा .315 बोर,एक खोखा कारतूस,एक जिंदा कारतूस .315 बोर,पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्त थाना हरदत्त नगर गिरन्ट में दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 22/26 से संबंधित हत्या कर लूट के मामले में वांछित था। उसके खिलाफ विभिन्न थानों में कुल 12 मुकदमे दर्ज हैं।घायल अभियुक्त को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मल्हीपुर भेजा गया है, जहां उसका इलाज पुलिस अभिरक्षा में चल रहा है। वहीं फील्ड यूनिट टीम द्वारा घटनास्थल से साक्ष्य संकलन की कार्रवाई की गई।

घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि ÷वांछित एवं इनामिया अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगातार प्रयासरत थी। मुठभेड़ के दौरान अभियुक्त द्वारा पुलिस टीम पर फायरिंग की गई, जिसके जवाब में की गई कार्रवाई में वह घायल हुआ और उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस द्वारा मामले में अग्रिम कार्रवाई जारी है।